Affiliated To : Federation of Jharkhand Chamber of Commerce & Industries, Ranchi
Regtn. No. (SRA - 1860) : 708/2009-10 (Govt. of Jharkhand)

संताल परगना चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, देवघर
SANTAL PARGANA CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRIES, DEOGHAR

spccideoghar.2021@gmail.com | www.spccideoghar.in

PRESIDENT
ALOK KR. MALLICK
9934503132 | 8409386865

GENERAL SECRETARY
PRAMOD CHHAWCHHARIA
8709873483 | 9431132221

पत्रांक : SPCCI-07/2021 दिनांक : 19.11.2021

सेवा में,

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल,

माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग,

भारत सरकार।

मांग–पत्र

महोदय,

संताल परगना चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, देवघर की ओर से बैद्यनाथधाम–देवघर में आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन है।

कृपया भवदीय का ध्यान निम्न कुछ विभागीय बिन्दुओं पर विचार कर आवश्यक निर्णय लेने हेतु समर्पित की जाती है।

1. झारखण्ड राज्य का देवघर न सिर्फ एक विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल एवं पर्यटन केन्द्र है, बल्कि व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रगति और विशेषतः फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज की संभावनाओं से परिपूर्ण स्थान है। देवघर को झारखण्ड राज्य में संताल परगना क्षेत्र का गेटवे भी कहा जाता है।

   वर्तमान में यहां लगभग 15–20 छोटे–बड़े खाद्य प्रसंस्करण उद्योग विद्यमान हैं और लगभग 8–10 नए उद्योग पाइपलाइन में हैं। देवघर का वातावरण खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के अनुकूल है, आसपास के क्षेत्रों में मौसमी और सामयिक सब्जियों का उत्पादन वृहद पैमाने पर होता है। देवघर के सीमावर्ती एवं निकटवर्ती क्षेत्र बिहार और बंगाल से मिलते हैं जो खाद्यान्न सामग्रियों का प्रचुर उत्पाद वाला क्षेत्र माना जाता है।

   देवघर की रोड एवं एनएच कनेक्टिविटी बेहतरीन है तथा रेल नेटवर्क भी काफी सुदृढ़ है। अमृतसर–हावड़ा इंडस्ट्रियल फ्रेट कॉरिडोर भी देवघर के निकट से गुजरेगी। नए प्रस्तावित रक्सौल–हल्दिया पोर्ट और पटना–कोलकाता एक्सप्रेसवे भी देवघर से पास होने वाली है।

   देवघर फूड पार्क की स्थापना के लिए एक सर्वथा अनुकूल जगह की सारी अर्हताएं पूरी करती है। अतः आग्रह है कि देवघर में भारत सरकार की ओर से एक फूड पार्क की स्थापना किया जाय।

2. पूर्व में भारत सरकार द्वारा फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को 50 लाख की सीमा तक सेंट्रल सब्सिडी देने का प्रावधान था। अनुरोध है कि उस योजना की पुनर्समीक्षा कर फिर से सेंट्रल सब्सिडी योजना की शुरुआत कर खाद्य प्रोसेसिंग उद्योगों को बढ़ावा देने का काम किया जाय।

3. देश के छोटे शहरों में भी फूड प्रोसेसिंग उद्योग और इसके उत्पादों तथा मशीनों के प्रदर्शनी (Exhibition) लगाने की योजना बनाई जाय। देवघर में भी अगले वर्ष एक वृहत FOOD PROCESSING EXHIBITION लगाई जाय तथा इसमें चैम्बर को भी भागीदार बनाया जाय।

VICE PRESIDENT
UMESH RAJPAL
9431781598 | 7250784754

VICE PRESIDENT
SANJAY MALVIYA
9431134670 | 9576616022

VICE PRESIDENT
PIYUSH JAISWAL
9431163649 | 7717726102

JOINT SECRETARY
ANAND SAH
8521594569

TREASURER
DEEPAK SARAIYAN
9386651205

Correspondence Add. : Swarn Computer Press, Hanuman Tikri, Front of Jalsar Park, Deoghar - 814112 (Jharkhand)

4. देवघर पूर्व में आयुर्वेद और प्राकृतिक दवाओं का भी प्रमुख उत्पादन केन्द्र रहा है तथा डाबर और बैद्यनाथ जैसी कंपनियों का शुरुआती फैक्टरी यहीं स्थापित हुई थी, लेकिन कालांतर में ये फैक्ट्रियां कतिपय कारणों से देवघर से पलायन कर गई।

   देवघर और इसके आसपास के क्षेत्रों में आज भी विभिन्न जड़ी–बूटियों की प्रचुर उपलब्धता मौजूद है। यह योग और प्राकृतिक चिकित्सा का भी प्रमुख केन्द्र रहा है।

   अतः अनुरोध है कि आयुर्वेद उत्पादनों में देवघर की पुराने वैभवता को पुनः स्थापित करने की कोशिश किया जाय। देवघर को आयुर्वेद उत्पादों के लिए विशिष्ट क्षेत्र घोषित कर विकसित किया जाय।

5. देवघर में एक राष्ट्रीय खाद्य प्रोसेसिंग रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी केंद्र सह प्रशिक्षण संस्थान खोला जाय।

सधन्यवाद,

आलोक कुमार मल्लिक
अध्यक्ष
(मो. 9934503132)